Title: Need to provide compensation to the farmers whose crops have been affected by hailstorms in Munger District in Bihar.

श्री ब्रह्मानन्द मंडल (मुंगेर) : सभापति महोदय, बिहार राज्य के मुंगेर जिले के जमालपुर, धरहरा, बरियारपुर और खड़गपुर प्रखण्ड में एक फरवरी को भारी ओलावृष्टि से झोआ बहियार, हरिणमार, कला रामपुर, इटहरी, पाटम, गढ़ी रामपुर, पड़िया, परहम, फरदा, सिधया, शिवकुण्ड, हेमजापुर, उकरा, लोहची, जबायद, कल्याणपुर बरियापुर इत्यादि पंचायतों और ग्राम में पचास हजार से अधिक किसानों की फसल पूर्णतः नट हो गई है, जिसमें रबी की फसल गेहूं, मकई, सरसों (तिलहन), अरहर, चना, मसूर (दलहन) तथा सब्जियां भी हैं। किसान की साल भर की कमाई की बर्बादी हुई है। स्थिति यह है कि ज्यादातर (लगभग 99 प्रतिशत) किसानों के पास न किसान क्रेडिट कार्ड हैं और न फसल बीमा प्रशासन ने कराया है। किसानों के पास अब न तो खेती करने के लिए पूंजी है और न अपना जीवन-यापन करने के लिए पूंजी है। भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। अभी सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं दी जा रही है, जिससे स्थिति और खराब होती जा रही है।

अतः मैं कृगि मंत्री जी से मांग करता हूं कि किसानों को फसल का मुआवजा दिया जाये। खेती करने के लिए धन की व्यवस्था की जाये, जीवन-यापन के लिए सहायता दी जाये। सभी ऋण माफ किये जायें और प्रशासन को सख्ती से निर्देश दिया जाये कि सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और फसल बीमा कराने की गारंटी दी जाये एवं इस क्षेत्र को अकालग्रस्त क्षेत्र घोगित किया जाये।